एक नजर में

चार थानों और पुलिस लाइन को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

शाजापुर । पुलिस कंट्रोल रूम में रविवार को पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली. इस दौरान कानून व्यवस्था, लंबित अपराध, महिला अपराधए साइबर अपराध और आगामी त्योहारों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए. इस दौरान एसपी ने पुलिस लाइन, थाना सुंदरसी, थाना सलसलाई, थाना मोहन बड़ोदिया और थाना मक्सी को उत्कृष्ट कार्य तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किए गए. एसपी राजपूत ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी. इसके बाद उन्होंने महिला संबंधी अपराधों के संवेदनशीलता और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने जिले में नशे के खिलाफअभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया. एसपी ने चिन्हित अपराधों की सतत निगरानी कर शत प्रतिशत सजा सुनिश्चित करनेए एनडीपीएस एक्ट के मामलों में आरोपियों के डोजियर तैयार करने और गिरफ्तारी व जमानती वारंटों की समय सीमा में तामील कराने के निर्देश भी दिए. इसके अलावा साइबर सेल द्वारा रोकी गई राशि पीड़ितों को शीघ्र लौटाने और लंबित चालानों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए. आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को शासकीय वाहनों में बलवा ड्रिल और अश्रु गैस सामग्री अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी दिए गए.

कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत जिले में कृषि रथों का भ्रमण जारी

सोयतकलां । कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में संचालित 4 कृषि रथों के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की जा रही है. इसी क्रम में 24 मई को कृषि रथ विकासखंड आगर के झलारा एवं सुमराखेड़ी, विकासखंड बड़ौद के गंगापुर, मारूबर्डिया एवं उमरपुर, विकासखंड सुसनेर के लालाखेड़ी, लोधाखेड़ी एवं खेजड़ाखेड़ी तथा विकासखंड नलखेड़ा के पिलवासए छारड़ा एवं कोहड़िया पंचायतों में पहुंचे. कृषि रथों के साथ मौजूद तकनीकी टीम द्वारा किसानों को कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा किसानों की आय दोगुनी करने संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई. टीम में वैज्ञानिक, उद्यानिकी अधिकारी, पशुपालन अधिकारी, कृषि अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे. कृषकों को ई विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण हेतु टोकन जनरेट करने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने, मृदा परीक्षण, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधनए कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण तथा नरवाई प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई. इसी प्रकार 25 मई को कृषि रथ विकासखंड आगर के हड़ाई, मलवासा एवं सोनचिड़ी, विकासखंड बड़ौद के कछालिया, बिजानगरी एवं गुडभेली, विकासखंड सुसनेर के बराई, डोंगरगांव एवं साल्याखेड़ी तथा विकासखंड नलखेड़ा के करकड़िया, मनासा एवं बाईगांव पंचायतों में पहुंचेगा. जिले के किसानों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि रथ के साथ उपलब्ध तकनीकी टीम द्वारा दी जा रही जानकारी एवं योजनाओं का लाभ उठाएं.

कोतवाली पुलिस ने अमृतसर से बरामद की नाबालिग

आगर मालवा । थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए चले जाने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर थाना कोतवाली में 13मई को प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई. प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आगर मालवा दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट, एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई. गठित टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर तलाश की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों, भौतिक साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर निरंतर पतारसी की गई. जांच के दौरान पुलिस टीम को नाबालिग बालिका एवं आरोपी के अमृतसर पंजाब क्षेत्र में होने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई. इसके पश्चात थाना कोतवाली पुलिस टीम उप निरीक्षक सुनीता परिहार के नेतृत्व में तत्काल अमृतसर रवाना हुई. वहां पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, लॉज, होटल एवं अन्य संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की गई. पुलिस टीम द्वारा अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग, अटारी वाघा बॉर्डर, सार्वजनिक स्थलों एवं गुरुद्वारा क्षेत्र में भी सतत निगरानी एवं खोजबीन की गई. लगभग दो दिनों तक पुलिस टीम ने गुरुद्वारा एवं लंगर परिसर के आसपास लगातार गहन तलाश अभियान चलाया. टीम द्वारा वहीं रुककर निरंतर निगरानी रखी गई तथा लंगर में आने जाने वाले हजारों लोगों पर पैनी नजर बनाए रखी.पुलिस टीम ने संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने हेतु रणनीतिक तरीके से कार्य करते हुए लगातार मानवीय एवं तकनीकी निगरानी जारी रखी. पुलिस की सतर्कता, धैर्य एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप नाबालिग बालिका को गुरुद्वारा परिसर में लंगर से बाहर निकलते समय सकुशल दस्तयाब किया गया तथा संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया. दस्तयाबी उपरांत नाबालिग बालिका को सुरक्षित आगर लाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. नाबालिग बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा आगर मालवा पुलिस एवं पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया. संदेही से पूछताछ की जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत गिरफ्तार किया. मामले में आरोपी निखिलेश पिता प्रभुलाल बामनिया उम्र 26 साल पता ग्राम मनासा नलखेड़ा आगर मालवा को गिरफ्तार किया गया. पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा उक्त कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुए प्रोत्साहन हेतु इनाम की घोषणा की एवं निर्देशित किया गया कि गुमशुदा बालक बालिकाओं की तलाश संबंधी प्रकरणों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रत्येक पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत मिल सके. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय, उपनिरीक्षक परिहार, प्रधान आरक्षक संदीप ठाकुर, आरक्षक आशीष शुक्ला एवं आरक्षक सुब्रतो शर्मा सहित थाना कोतवाली पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

सासंद के मुख्य आतिथ्य में गंगा दशमी पर्व का आयोजन आज

शाजापुर । लोकसभा राजगढ़ के सासंद रोड़मल नागर के मुख्य आतिथ्य में 25 मई को सुबह 10.30 बजे गरासिया घाट हाट बाजार शाजापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं. जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान ने इस कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाजापुर एवं सहायक नोडल अधिकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी शाजापुर को नोडल अधिकारी बनाया है. साथ ही उक्त कार्यक्रम के लिए विभिन्न जिला अधिकारियों की नियुक्ति कर दायित्व सौंपे हैं.

पूर्व विधायक के घर चोरी की जांच करने पहुंचे एसपी

मंडलोई निवास में हो चुकी है 80 लाख से अधिक की चोरी

शाजापुर । जिले के अकोदिया निवासी पूर्व विधायक केदारसिंह मंडलोई के यहां 12 मई की रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा 80 लाख से अधिक की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. रविवार को इस मामले को लेकर एसपी यशपालसिंह राजपूत खुद अकोदिया पहुंचे और मामले को गंभीरता से लिया.

दरअसल 12 मई की रात पेट्रोल पंप संचालक एवं पूर्व विधायक केदार सिंह मंडलोई के परिवार के घर हुई इस बड़ी चोरी में 32.50 लाख रुपए नकद और 50 लाख रुपए से अधिक के जेवरात चोरी हो गए थे. घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं मिलने से पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ रहा है. एसपी राजपूत ने मंडलोई परिवार से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने घर के भीतर उन स्थानों का भी निरीक्षण किया जहां से नकदी और जेवरात चोरी हुए थे. मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से अब तक की जांच की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए. इस टीम में जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों के साथ प्रधान आरक्षक,आरक्षक, साइबर सेल के सदस्य और पूर्व में अकोदिया थाने पर पदस्थ रहे अनुभवी पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है. पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है.

पुलिस जल्द करेगी खुलासा, गिरफ्त में होंगे आरोपी

पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी. एसपी के अचानक अकोदिया पहुंचने से मंडलोई परिवार और नगरवासियों में कार्रवाई की उम्मीद जगी है. नागरिकों का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी का जल्द खुलासा होना चाहिए, ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे.

एसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने मंडलोई भवन पहुंचकर जुटाई जानकारी

संदिग्धों से हो रही पूछताछ...

मंडलोई भवन चोरी मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए कई संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ शुरू कर दी है. जिसमें मुलाई परिवार की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर से पुलिस पूछताछ कर रही है. सूत्रों के अनुसार पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल कर रही है. वहीं पूर्व में क्षेत्र में सक्रिय रहे बदमाशों और हाल ही में संदिग्ध रूप से घूमने वाले लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है.

शराब और गुटखा पाउच की दुकानों पर पुलिस ने मारे छापे

स्कूल, कॉलेज के आसपास की दुकानों पर पहुंची राजस्व और पुलिस विभाग की टीम

शाजापुर । कॉलेज व नगर के शिक्षण संस्थानों के आसपास खुलेआम शराब व नशीले पदार्थों की दुकानों पर रविवार को राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने पहुंचकर छापेमार कार्रवाई की, यह कार्रवाई नशामुक्ति अभियान के तहत की गई है.

रविवार को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय और अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास अवैध शराब, गुटखा और तंबाकू की बिक्री रोकने के लिए दुकानों पर छापेमारी की गई. एसडीएम मनीषा वास्कले के नेतृत्व में टीम ने 6 से 7 दुकानों और ढाबों से अवैध शराब और गुटखा पाउच बरामद किए. एसडीएम ने इन सभी के खिलाफपुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए. पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय के ठीक सामने 100 मीटर के दायरे में खुलेआम गुटखा पाउच और सिगरेट बेचे जा रहे थे. यह नियमों का उल्लंघन है. एसडीएम मनीषा वास्कले ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत शाजापुर और आसपास के 7 से 8 ढाबों और दुकानों पर अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए कार्रवाई की गई. अवैध शराब जब्त कर पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है.

फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव, पुलिस जांच में जुटी

शाजापुर । जिले के मक्सी थाना क्षेत्र के ग्राम झोकर में शनिवार देर रात एक 23 वर्षीय नवविवाहिता का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा. रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान रानू पति अर्जुन मंडोर निवासी ग्राम झोकर के रूप में हुई है. पति अर्जुन मंडोर ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पहली पत्नी पिंकी के साथ खाना खाकर सो गया था. जबकि रानू अपनी डेढ़ माह की बच्ची के साथ दूसरे कमरे में थी. अर्जुन ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे बच्ची के रोने और किसी चीज के गिरने की आवाज आने पर उसने कमरे में जाकर देखा. वहां रानू नीचे गिरी हुई थी और उसके गले में रस्सी बंधी थी. छत की बल्लियों में भी रस्सी बंधी मिली, मक्सी थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है. जबकि थाने पर सूचना रात 1.30 बजे दी गई. मामले की जांच मक्सी थाना पुलिस द्वारा की जा रही है. परिजनों और ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी रही कि मृतका की नवजात संतान थर्ड जेंडर है.

हाईवे पर पुलिस ने चलाया बसों में चेकिंग अभियान

बसों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस अधिकारियो की टीम

शाजापुर । इन दिनों पुलिस हाईवे पर सक्रिय है, जिनके द्वारा हाईवे पर चलने वाली बसों की निगरानी कर उनकी जांच की जा रही है. शनिवार रात को भी पुलिस ने हाईवे पर तैनात होकर बसों की जांच की, इस दौरान करीब 36 बसों के विरूद्ध कार्रवाई की गई.

गौरतलब है पिछले सप्ताह एक एसी बस में आग लगने से उसमें एक चार वर्षीय बच्चे की जलने से मौत हो गई थी. इसके बाद से ही पुलिस द्वारा बसों को लेकर सतर्कता बरती जा रही है ताकि दोबारा ऐसा हादसा न हो. यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया. इस दौरान बसों में इमरजेंसी गेट, अग्निशमन उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की गई. पुलिस ने बस चालकों के आवश्यक दस्तावेज और परमिट की भी जांच की गई. उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. जिन बसों में सुरक्षा संबंधी अनियमितताएं या परमिट नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, लोक परिवहन बसों का यह विशेष चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान 21 मई से शुरू किया गया है जो 27 मई तक लगातार जारी रहेगा. इस अभियान के तहत जिले में संचालित सभी यात्री बसों की फिटनेस, पंजीयन प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा और सुरक्षा उपकरणों की जांच की जा रही है. इसके अलावा ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, बिना वैध दस्तावेज के संचालन और नशे की हालत में बस चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोकना है.

गंगा दशहरा पर जिलेभर में आज विशेष कार्यक्रम

शाजापुर । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर 25 मई सोमवार को सुबह 8 बजे से जिले की समस्त प्रस्फुटन समितियों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषयक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समितियां, मेंटर्स, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय सहभागिता करेंगे. साथ ही जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, एनआरएलएम के स्व सहायता समूह तथा ग्रामीणजन भी कार्यक्रमों में भाग लेंगे. कार्यक्रमों के दौरान नदी, तालाब एवं विभिन्न जल स्त्रोतों की साफ सफाई की जाएगी. साथ ही कलश यात्रा, भजन कीर्तन, जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन संबंधित प्रस्फुटन समितियों द्वारा अपने अपने ग्रामों में किया जाएगा.

कबाड़ से कमाल : प्लास्टिक बोतलों से बनाया ड्रिप सिस्टम

छात्राओं ने दिया जल संरक्षण का संदेश

शुजालपुर । जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में आयोजित समर कैंप 2026 के अंतर्गत महिला फिटनेस ग्रुप की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में अनूठी पहल करते हुए अनुपयोगी प्लास्टिक बोतलों से पौधों के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली तैयार की. कबाड़ से कमाल थीम पर आधारित यह नवाचार परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शुजालपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गतिविधि के दौरान छात्राओं ने प्लास्टिक कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलते हुए जल बचत का संदेश दिया. तेज गर्मी में पौधों को लंबे समय तक नमी बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए छात्राओं ने पुरानी प्लास्टिक बोतलों में छोटे-छोटे छिद्र कर उन्हें पौधों के समीप स्थापित किया. इस व्यवस्था से पानी धीरे-धीरे लगातार पौधों तक पहुंचता रहता है, जिससे पौधों को पर्याप्त नमी मिलती है और पानी की बर्बादी भी रुकती है. समर कैंप के दौरान महिला फिटनेस ग्रुप की सदस्याएं प्रतिदिन योगाभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के साथ प्रकृति संरक्षण को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रही हैं. प्रत्येक सदस्य द्वारा एक-एक पौधा गोद लेकर उसकी नियमित देखभाल, सिंचाई और खाद उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है.

छात्राओं की यह पहल रीयूज रिड्यूस और रिसायकल की भावना को साकार करती नजर आई. परिसर में लगाए गए पौधों के आसपास तैयार किए गए ड्रिप सिस्टम ने अन्य विद्यार्थियों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया है. इस गतिविधि को सफल बनाने में क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार का मार्गदर्शन रहा. वहीं ग्रुप लीडर रिचा योगी, ऊषा कोहली एवं शीतल चौहान ने छात्राओं को संगठित कर गतिविधि का संचालन किया. महाविद्यालय परिवार ने महिला फिटनेस ग्रुप की इस पहल को पर्यावरण जागरूकता और जल संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी प्रयास बताया.

एक नजर में

मौसम विभाग ने जारी किया हीटवेव का रेड अलर्ट जारी, सावधारी जरूरी

नवतपा आज से झुलसाएगी गर्मी, 45 डिग्री से अधिक रहेगा तापमान

शाजापुर । अब तक नगरवासी जिस गर्मी का सामना कर रहे थे वह तो सिर्फ ट्रेलर था. आज से नवतपा की शुरूआत होगी और पूरे 9 दिनों तक झुलसाने वाली गर्मी का सामना नगरवासियों को करना होगा. इस दौरान न सिर्फ तापमान 45 डिग्री से अधिक बना रहेगा बल्कि पूरे 9 दिनों तक दिन में तेज लू चलने की भी संभावना है. रविवार को ही इसका नजारा नगरवासियों को देखने को मिला और दिनभर लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली. साथ ही गर्म हवाओं ने भी लोगों को खासा परेशान किया.

सुबह से ही खिली तेज धूप ने दिनभर के मौसमी मिजाज का का नजारा दिखा दिया था. इसके बाद जैसे जैसे दिन चढ़ने लगा तापमान का पारा भी चढ़ने लगा था. हालात ये थे कि सुबह 10 बजे से ही लोगों का गर्मी से बुरा हाल होने लगा था. यही नहीं सुबह से ही 13 किमी की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने आग में घी का काम करते हुए लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी.

मौसम विभाग ने जारी किया लू का अलर्ट

रविवार को भी मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया है. स्थानीय मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि रविवार को लू चली और आगामी पांच दिनों तक मौसम में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है. इस दौरान तापमान 45 डिग्री तक रहेगा और लू भी चलती रहेगी.

1 जून से शुरू हो सकती है प्री मानसून गतिविधियां

मौसम विशेषज्ञ धनोतिया के अनुसार 31 मई तक तापमान में उछाल जारी रहेगा, इसके बाद 1 जून से प्री मानसूनी गतिविधियां शुरू हो सकती है. जिसके चलते प्रतिदिन शाम को नगर में हल्की बारिश हो सकती है और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत भी मिलेगी. इसके बाद 16 जून से मानसूनी बारिश शुरू होने की संभावना है.

जैव विविधता संरक्षण के लिए विद्यार्थियों ने लिखा संकल्प

शुजालपुर । शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर इको क्लब के माध्यम से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. छात्र-छात्राओं में जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतियोगिता का विषय श्वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. महाविद्यालय के अटल भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं प्रकृति संवर्धन से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में डबरी निर्माण के लिए खुदाई कार्य भी प्रारंभ किया गया, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके.